राजकीय महाविद्यालय

देवगनपुरा, पनवाड़ी, जनपद - महोबा

E-mail - gmcdevganpur@gmail.com

दिनाँक - 27/01/2020

सेवा में,

उप निदेशक (रूसा)

राज्य परियोजना निदेशालय, उ0प्र0,

लखनऊ।

विषय- "एक भारत श्रेष्ठ भारत" के अन्तर्गत महाविद्यालय में "एक भारत श्रेष्ठ भारत दिवस" मनाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्रांक: 1524/SPD/RUSA/377/19, दिनाँक-14.01.2020 के अनुपालन में आज दिनाँक-26.01.2020 को महाविद्यालय में "एक भारत श्रेष्ठ भारत दिवस" मनाया गया। "एक भारत श्रेष्ठ भारत" के नोडल अधिकारी द्वारा छात्र/छात्रओं को "एक भारत श्रेष्ठ भारत" कार्यक्रम के महत्व एवं पूर्वोत्तर राज्यों के बारे में अवगत कराया। विशेष रूप से अरूणाचल प्रदेश राज्य की संस्कृति, भाषा, इतिहास, राजनीतिक परिस्थिति, सामाजिक-आर्थिक स्थिति के बारे में छात्र/छात्राओं को अवगत कराया गया। "एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब" के सदस्य डॉ0 अजय सिंह यादव द्वारा छात्र/छात्राओं को पूर्वोत्तर राज्यों विशेषकर अरूणाचल प्रदेश की भाषा एवं संस्कृति की जानकारी दी गयी। "एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब" के सदस्य डॉ0 रवि अग्रवाल के द्वारा छात्र/छात्राओं को पूर्वोत्तर राज्यों विशेषकर अरूणाचल प्रदेश की आर्थिक स्थिति एवं भारतीय अर्थव्यवस्था में इनके योगदान की जानकारी प्रदान की। क्लब के अन्य सदस्यों के द्वारा पूर्वोत्तर राज्यों विशेषकर अरूणाचल प्रदेश की कला, खानपान, परिधान, लोकगीत आदि की जानकारी प्रदान की गयी।

भवदीय,

कृते Ray

प्राचार्य

राजकीय महाविद्यालय देवगनपुरा

पनवाड़ी, महोबा (उ0प्र0)